कार्यालय–निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर

क्रमांक :–शिविरा/माध्य/छाप्रोप्र/सी/60115/इन्सपायर अवार्ड/2019–20/ दिनांक : 25.11.2019

1. समस्त संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा,
2. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
   पदेन जिला परियोजना समन्वयक,समग्र शिक्षा अभियान,
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक/प्रारंभिक,
4. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं
   ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी,समग्र शिक्षा अभियान,

विषय :– इन्सपायर अवार्ड–मानक योजना के तहत समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के ऑन लाईन पंजीकरण में U-DISE Code को जोड़ने के क्रम में।

प्रसंग :– राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान–भारत, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग,नई दिल्ली के पत्र दिनांक 19.11.2019

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान–भारत द्वारा इन्सपायर अवार्ड–मानक योजना के सम्बन्ध में दिनांक 05 जुलाई,2019 को IIC नई दिल्ली में आयोजित राज्य नोडल अधिकारियों की बैठक के दौरान EMIAS (www.inspireawards-dst.gov.in) पोर्टल पर विद्यालयों की एक से अधिक ID तथा विद्यालयों के ID एवं पासवर्ड की समस्या पर चर्चा की गई।

उक्त प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए प्रत्येक विद्यालय के लिए U-DISE Code (Unified District Information System for Education) को अनिवार्य रूप से शामिल करने का निर्णय लिया गया, क्योंकि यह एक अद्वितीय कोड (Unique Code) है जो प्रत्येक विद्यालय के लिए Unique Code होगा।

E-MIAS Portal पर पंजीकृत (Registered) एवं अपंजीकृत (Un-Registered) समस्त विद्यालय (All Government or Private, Aided or Unaided form any National or State Education Board) पोर्टल पर अपने विद्यालय लॉगईन ID से U-DISE Code को जोड़ने एवं अपडेट करने का कार्य अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें।

अतः समस्त जिला नॉडल अधिकारियों एवं संस्थाप्रधानों को निर्देशित किया जाता है कि E-MIAS Portal पर अपनी लॉगईन ID से (U-DISE Code, E-Mail Verification & Other Important details etc.) का अपडेशन एवं सत्यापन करवाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

प्रभारी अधिकारी
छात्रवृति अनुभाग
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. संयुक्त सचिव,विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली।
2. निजी सचिव, निदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर
3. समस्त संस्थाप्रधान को निर्देशानुसार भेजकर लेख है कि उक्त समस्त कार्य तत्काल करना सुनिश्चित करें।
4. अनुभाग अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाने बाबत्।

प्रभारी अधिकारी
छात्रवृति अनुभाग
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर